मनोज सिन्हा
Manoj Sinha

रे.रा.मं./वी.आई.पी./ -328- /2016
MOS (R)/V.I.P./ /2016

रेल राज्य मंत्री
भारत सरकार
नई दिल्ली-110 001
Minister of State for Railways
Government of India
New Delhi-110 001

27 APR 2016

अखिल भारतीय मानव कल्याण परिषद,
जेनरल सेक्रेटरी,
भारत गौरव पुरस्कार चयन समिति,
होटल अशोक, चाणक्यपुरी,
नई दिल्ली-110021.

मैं आपका ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र गाजीपुर उत्तर प्रदेश निवासी सुश्री सविता सिंह के जीवन-वृत्त एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों एवं उपलब्धियों की ओर दिलाना चाहता हूँ।

सुश्री सविता सिंह स्वयं 6 महीने की आयु से दोनों पैरों से शारीरिक रूप से विकलांग होते हुए भी अपने अथक परिश्रम और अदम्य साहस के बल पर एम.ए., बी.एड की शिक्षा ग्रहण की एवं बिना समय गवाए इन्होंने ''समर्पण'' नाम से स्वैक्षिक संस्था स्थापित करके इसके माध्यम से विकलांगजन के हितार्थ शिक्षण-प्रशिक्षण, रोजगार, पुनर्वास एवं उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने का कार्य बड़ी श्रद्धा व लगन से करते हुए अपने जीवन को उनके उठान में लगा दिया है।

इनके द्वारा समाज में विभिन्न उल्लेखनीय कार्यों को देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार एवं कई अन्य सामाजिक संस्था की तरफ से विभिन्न जिला स्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तरीय पुरस्कार से इन्हें अलंकृत किया जा चुका है।

समाज सेवा के क्षेत्र में विशेषकर विकलांगजन के उत्थान के प्रति इनके द्वारा किये जा रहे कार्य विशेष रूप से सराहनीय है।

समाज सेवा के क्षेत्र में इनके अनुभव और समर्पण के भाव को देखते हुए मैं वर्ष 2016 के भारत गौरव पुरस्कार हेतु इनके नाम की अनुशंसा करता हूँ।

सादर,

आपका,

मनोज सिन्हा

(मनोज सिन्हा)